Udaya Public School, Ayodhya
Summative Assessment II
Class VIII [Hindi]

समय-3 घण्टा

पूर्णांक-80

खण्ड-(क)

(1*5=5)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

जिस प्रकार रोटी,कपड़ा और मकान मानव की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं, उसी प्रकार शिक्षा भी मानव की प्रथम आवश्यकता है। शिक्षा का सीधा संबन्ध मानव के विकास से है। शिक्षा ही मानव को अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ बनाती है। मानव की सभी आकांक्षाएं कामधेनु रूपी शिक्षा से ही फलीभूत होती हैं। शिक्षा की उपयोगिता को जानकर ही भारत सरकार ने 'साक्षरता -अभियान 'चलाया है। सरकार के अलावा समाज सेवी संगठन तथा छात्र भी इन अभियानों में सराहनीय भूमिका अपनाते हैं। 'ईच वन-टीच वन' अर्थात हर पढा -लिखा व्यक्ति एक निरक्षर को साक्षर बनाए, जैसे अभियान भी चल रहे हैं।

(१) आज के युग की प्रथम आवश्यकता क्या है?

(२) मानव अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ कैसे बनता है ?

(३) सरकार द्वारा कौन-कौन से अभियान चलाए जा रहे हैं ?

(४)'ईच वन-टीच वन 'कार्यक्रम क्या है ?

(५) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1*5=5)

मुहल्ले में वह शांति बेचता है ।
एक दुकान है उसकी मेरे घर से बिल्कुल लगी हुई।
सुबह-सुबह मुँह अँधेरे दो घण्टे
लाउडस्पीकर न बजाने के
वह मुझसे सौ रुपए महीने लेता है
वह जानता है कि मैं उन अभागों में से हूँ
जो शांति के बिना जीवित नहीं रह सकते।
वह जानता है
कि क्रांति के जमाने अब लद चुके
अब उसे अपना पेट पालने के लिए
शांति का धंधा अपनाना है।
मैं उसका आभारी हूँ
भारत जैसे देश में जहाँ कीमतें आसमान छू रहीं
सौ रुपए महीने की दर से
अगर दो घण्टे रोज़ भी शांति मिल सके
तो महँगी नहीं।

(१) लाउडस्पीकरों की दुकान वाला शांति कहाँ बेचता है ?

(२) कवि ने अपने आपको क्या कहा है ?

(३) कवि स्वयं को शांति बेचनेवाले दुकानदार का आभारी क्यों मानता है ?

(४)कवि किस समय लाउडस्पीकर न बजाने के सौ रुपये महीने देता है?

(५) 'पेट पालने 'का अर्थ है ?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पांच प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए । (2*5=10)

(१) 'साइकिल आन्दोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?

(२) वस्तु -विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

(३)घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा ,"मुझे कोई शिकायत नहीं है।" विचार प्रकट कीजिए।

(४) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है ?

(५) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ? लिखिए।

(६)हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी ने अपना पूर्वज/पुरखा क्यों कहा ?

4. अपनी पाठ्य पुस्तक से कोई एक चार लाइन की कविता या दोहा लिखिए। (2.5)

5. निम्न लेखकों व उनके द्वारा लिखित पाठों का मिलान कीजिए- (2.5)

पाठ	लेखक
लाख की चूड़ियाँ	रामधारी सिंह'दिनकर'
भगवान के डाकिए	नरोतमदास
सुदामा चरित	कामतानाथ
सूरदास के पद	रामचंद्र तिवारी
पानी की कहानी	सूरदास

6. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए-

सरिता,बेनी,अदब,पगा,खिताब (2.5)

7. निम्न में से किसी एक पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए- (2.5)

(१)"पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।"

पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(२) 'तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं'- उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

खण्ड-(ख)

8. काल किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइये। (3)

9. अव्यय किसे कहते हैं ? भेदों के नाम भी लिखिए। (3)

10. वाक्य किसे कहते हैं? रचना के आधार पर वाक्य के भेदों के नाम लिखिए। (3)

11. वाक्यों की क्रियाओं के वाच्य पहचानकर उनके भेद लिखिए।

(१)काव्या फूल तोड़ती है।------ (२)बालक द्वारा रोटी खाई जा रही है।----- (३)उससे और नहीं चला जाता।------ (3)

12. संधि कीजिए।

तत+लीन----, एक+एक-----, महा+उत्सव---,

सदा+एव----निः+रस----, निः+कपट----। (3)

13. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए। (3)

(१) अग्नि---(२) चाँद----(३) पक्षी---

14. नीचे दिए उपसर्ग व प्रत्यय से दो -दो शब्द बनाइए। (3)

(१) अभी--- --- (२) आई--- --- (३) अ--- ---

15.मुहावरों में शब्दों की अशुद्धि दूर करके मुहावरे पुनः लिखिए। (3)

(१) खाल के बाल निकलना-------------- (२) आस्तीन का बिच्छू-------- (३)अक्ल पर कचरा पड़ना -------

16.निम्नलिखित में सही उत्तर का चयन कीजिए। (3)

(१) हाथी जैसी चाल। (रूपक/उपमा/उत्प्रेक्षा) (२)चरण कमल बन्दों हरिराई।(रूपक/अनुप्रास/यमक)

(३)मानो हवा के वेग से सोता हुआ सागर जगा।(रूपक/उपमा/उत्प्रेक्षा)

17.समास विग्रहों से समस्तपद बनाइए। (3)

(१) नव ग्रहों का समाहार---------- (२)लाभ और हानि------- (३) पीला है जो अम्बर----------

(४)मेघ क समान नाद है जिसका --------- (५) रस से भरा -------- (६)विष धारण करने वाला--------

खण्ड-(ग)

18.दादा-दादी को अपने जन्मदिवस पर आने के लिए आग्रह करते हुए पत्र लिखिए। (5)

अथवा

विद्यालय के लेखा अधिकारी को अतिरिक्त शुल्क के सबन्ध में पत्र लिखिए।

19. डॉक्टर और मरीज के बीच बातचीत पर संवाद लिखिए। (5)

20.निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए। (150-200शब्द) (10)

(१) पुस्तकालय (२)रंगों का पर्व : होली (३) राष्ट्रीय पर्व: गांधी जयंती